भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2490
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

घोड़ा कटोरा में पर्यटकों के लिए सुविधाएं

2490. श्री कौशलेन्द्र कुमार:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार बिहार राज्य के नालंदा जिले में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल घोड़ा कटोरा में एक अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय, एक विमानपत्तन और एक पांच सितारा होटल स्थापित करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा घोड़ा कटोरा आने वाले पर्यटकों को कौन-कौन सी अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने का विचार है ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय देश के पर्यटन गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। घरेलू और महत्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) तथा "विदेशों में संवर्धन और प्रचार" (ओपीपी) योजनाओं के तहत संवर्धन कार्य किया जाता है। देश में पर्यटन गंतव्यों के बारे में सूचना का प्रचार मंत्रालय की संवर्धनात्मक वेबसाइट **www.incredibleindia.org** और सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से किया जाता है।

पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्यत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत आगंतुकों को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र

प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करके इन प्रयासों में सहायता कर रहा है।

(ख) से (घ): उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत बिहार राज्य सरकार को स्वीकृत और जारी की गई निधियों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। बिहार में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्थायी और जिम्मेदार पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित किए जाने वाले गंतव्यों में नालंदा को भी शामिल किया गया है

*****

अनुबंध

श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा घोड़ा कटोरा में पर्यटकों के लिए सुविधाएं के संबंध में दिनांक 18.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2490 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत बिहार में पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए प्रदान की गई धनराशि का वर्ष-वार विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ का नाम और स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली - आरा - मसद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96	30.04
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर	44.76	42.52
3.	बौद्ध सर्किट 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	93.22
4.	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुरकौलिया का विकास	44.27	39.96
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32

प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	2015-16	पटना साहिब का विकास	41.54	33.23
2.	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	4.27	2.91

*****